# टाटा समूह लखनऊ में बनाएगा एआई सिटी

## सीएम योगी के साथ बैठक में टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने दिया प्रस्ताव

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ जल्द ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में देश के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने जा रही है। टाटा समूह की ओर से लखनऊ में एआई सिटी विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को प्रदेश की डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप संस्कृति और रोजगार सृजन के लिहाज से बड़ा कदम माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के बीच सोमवार को हुई बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित एआई सिटी अत्याधुनिक तकनीकी ढांचे से लैस होगी। यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग और उभरती डिजिटल तकनीकों पर आधारित कंपनियों और स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एआई इनोवेशन का नया हब तैयार होगा।

टाटा समूह ने यह भी स्पष्ट किया कि एआई सिटी के साथ-साथ राज्य में स्किल डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी जाएगी। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) अपनी लखनऊ और नोएडा की इकाइयों में वर्कफोर्स का विस्तार करेगी। वर्तमान में करीब 16 हजार कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाकर 30 हजार तक किया जाएगा। इससे प्रदेश के युवाओं के लिए आईटी और टेक्नोलॉजी सेक्टर में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### यूपी में खुलेंगे तकनीकी विकास और रोजगार के नए द्वार



टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने सीएम योगी से उनके आवास पर मुलाकात की।

### गोरखपुर में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

बैठक में पूर्वांचल के युवाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी सहमति बनी। टाटा समूह ने गोरखपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। जहां एआई, साइबर सिक्योरिटी, डाटा साइंस, ड्रोन, 3डी प्रिंटिंग और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए टाटा समूह ने आईआईटी कानपुर के साथ एमओयू किया है और लगभग 48 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा है।

***कई क्षेत्रों में निवेश की जताई इच्छा***

*बैठक में टाटा समूह ने मोबाइल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, इलेक्ट्रिक बसों और अन्य वाहनों के निर्माण में निवेश बढ़ाने की इच्छा जताई। इसके अलावा डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत बबीना समेत विभिन्न नोड्स में ड्रोन, मिसाइल और रक्षा वाहनों के उत्पादन को लेकर समूह की सक्रिय भूमिका पर चर्चा हुई। झांसी में बीडा के तहत 25000 एकड़ भूमि पर परियोजना विस्तार के बारे में भी बताया गया। सीएम ने भरोसा दिया कि सरकार हर स्तर पर निवेशकों को अनुकूल वातावरण और त्वरित स्वीकृतियां देगी।*

### यूपी में टाटा समूह की होटल शृंखला का बड़ा विस्तार

टाटा समूह ने बताया कि प्रदेश में ताज, विवांता और सेलेक्शंस ब्रांड के 30 होटल्स का निर्माण कार्य चल रहा है। बैठक में 30 नए होटल विकसित करने पर भी चर्चा हुई। जिससे प्रदेश में लग्जरी कमरों की संख्या 2000 से बढ़कर 5000 हो जाएगी। ये होटल प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, वृंदावन, आगरा, कानपुर, लखनऊ, बिजनौर और गोरखपुर जैसे प्रमुख पर्यटन केंद्रों में विकसित होंगे। नोएडा में सिग्नेचर होटल और प्रयागराज में लग्जरी ताज होटल भी प्रस्तावित हैं।

### ऊर्जा क्षेत्र में निवेश का रोडमैप

बैठक में चंद्रशेखरन ने प्रदेश में ऊर्जा अवसंरचना और औद्योगिक विकास से जुड़े टाटा समूह के अन्य प्रोजेक्ट्स पर भी चर्चा की। बताया कि टाटा पावर प्रयागराज के बारा प्लांट में 1900 मेगावाट क्षमता की नई थर्मल इकाई स्थापित कर रहा है, जिसमें 360 मेगावाट की तीन पॉवर जेनेरेशन यूनिटें लगाई जाएंगी।